nandgaon times sep--17-4.qxd 9/16/2024 9:58 PM Page 1

गणेश विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था... पृष्ठ 2 | सभी अभियंता अपना कार्य पूरी निष्ठा... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 17 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 334, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# रेलवे ठेकेदार के सुपरवाईजर व ड्राईवर की लापरवाही से मासूम नौजवान की मौत

**मामला- तीसरी रेल लाईन निर्माण कार्य का**

**ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक मृत सहित चार चोटिल**



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** बताया जाता है कि तीसरी रेल लाईन के किलोमीटर क्रमांक 939 के पास रेल सिग्नल केबल से लेकर विगत दिनों भारी बारिश रेलवे को करोड़ो का नुकसान ठेकेदार, रेलवे इंजीनियर व रेल अधिकारी के द्वारा कराया जा चुका है। जिसकी मरम्मत को लेकर रेल अधिकारियों के द्वारा मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी लोकल ठेकेदार के हवाले कर दी गई है। ठेकेदार के द्वारा मरम्मत कार्य के लिए डेलीविजेश मजदूर को ट्रैक्टर में भरकर किलोमीटर क्रमांक 939 के पास जंगल के रास्ते निर्माण कार्य स्थल पर ले जाया जा रहा था। जंगल के रास्ते में सामग्री से लदा हुआ ट्रैक्टर ट्राली पलट गई जिसके कारण एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई और 04 मजदूर जख्मी बताए गए है। मृतक का नाम ओमप्रकाश पिता सुमारु आमडे वार्ड नं 01 आमाडोंगरी थाना बम्हनी जिला मंडला का निवासी था जिसका घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना लगभग सुबह 11.30 की बताई जा रही है। बताया जाता है कि ठेकेदार का सुपरवाईजर विश्वदेव चौबे ठेकेदार मुकेश अग्रवाल के द्वारा मजदूरों को रेलवे कार्य के लिए डोंगरगढ़ से ट्रैक्टर ट्राली में रेत, गिट्टी, सीमेंट, पोल के साथ साथ 11 मजदूर सवार होकर जा रहे थे कि सड़क से उतरकर कच्चे जंगल के रास्ते से रेलवे लाईन तक मजदूरों को बैठाकर ले जाया जा रहा था कि रास्ते के बीच में गड्ढा होने पर ट्रैक्टर में सवार मजदूर जिनमें अशोक नेताम राजकुमार पड़ौती आकाश भांवरे सरस्वती भाँवरे मुन्नालाल भाँवरे प्रदीप पडौती सहित कुल 11 मजदूरों के द्वारा बताया गया कि हमने कंपनी के ट्रैक्टर ड्राइवर से उतारने को कहा परंतु ड्राईवर ने गाड़ी आगे बढ़ा दिया और ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और हम ट्रैक्टर से कूदकर जान बचाए परंतु मृतक के ऊपर पत्थर पोल समेत मृतक के ऊपर गिर गया और उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद मृतक तथा घायलो को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लगभग 12 बजे पहुँचाया गया। जाँच के बाद ओमप्रकाश को मृत घोषित कर दिया गया।

**ठेकेदार के इशारे पर मामले को दबाने का प्रयास।**

बताया जाता हैं कि घटना के बाद इसकी सूचना घटनास्थल क्षेत्र से 112 को सूचना दी गई जिसके बाद डोंगरगढ़ पेट्रोलिंग टीम ने मृतक व घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ लाया गया जिसके बाद घटना क्षेत्र थाना प्रभारी बोरतलाव को दी गई थी और सूचना के बाद लगभग दोपहर 2.30 बजे विवेचक रोहित पडौती ने अस्पताल पहुँचकर कुछ घायलो को अपनी गाड़ी में बैठाकर घटनास्थल पर ले गई। स्थल पर पहुँचने के बाद पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर घटना का कोई सबूत नहीं है। घटना को लेकर बोरतलाव प्रभारी उपनिरीक्षक मिलन सिंह से चर्चा करने पर घटना की पुष्टि की गई और बताया गया कि विवेचक रोहित पड़ौती है जो घटना को लेकर विस्तार से जानकारी देंगे। विवेचक से संपर्क करने पर बताया कि मामले की जाँच चल रही है। डोंगरगढ़ पुलिस 0 में मर्ग कायमी कर भेजेगा तो आगे की कार्यवाही की जायेगी। जिसके कारण से शाम 06 बजे तक मृतक का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था। इसको लेकर बीएमओ बी पी एक्का से फोन पर चर्चा करने पर बताया गया कि पुलिस के द्वारा जब तक सूचना नहीं दी जायेगी तब तक हम पोस्टमार्टम करने में असमर्थ है। पुलिस की सूचना के बाद मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया और ठेकेदार के द्वारा बहला फुसला कर मृतक को गृहग्राम भेजने पर राजी कर लिया गया था इस दौरान अस्पताल पहुँचकर अखबार के सँवाददाताओ के द्वारा परिजनों से घटना के संबन्ध में पूरी जानकारी लेता देख मौके से ठेके के सुपरवाईजर, ठेकेदार गायब हो गए। इसकी सूचना पुलिस अनुविभाग अधिकारी आशीष कुंजाम को मिलने ही श्री कुंजाम अस्पताल पहुँचकर ठेकेदार द्वारा मुहैय्या कराए गए वाहनों में यह समझाकर बैठाया गया कि बोरतलाव थाने आप लोग जाइये वहाँ ठेकेदार मिलेगा और आपकी शिकायत दूर की जायेगी। जिसके पश्चात परिजन देर शाम लगभग 07 बजे रवाना हुए जिसके कारण कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है ? अब देखना यह है कि नौजवान मासूम मृतक युवक के परिजनों को ठेकेदार जान की कितनी कीमत अदा करेगा ।



**10 हजार की तत्काल राशि शासन की ओर से मुहैय्या।**

परिजनों के द्वारा बताया गया कि शासन की ओर से 10 हजार की सहायता राशि दी गई है और विश्वास दिलाया गया है कि ठेकेदार, सुपरवाईजर व ड्राईवर व परिजनों के बयाँन के आधार पर जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही कर मृतक के परिवार को उचित सहायता राशि दिलाने में मदद की जायेगी।

# बाबा रामदेव मंदिर में 10 दिवसीय भादों मेला की पूर्णाहूति

## पूजारीद्वय तंवर बंधुओं ने श्रद्धालुओं के प्रति जताया आभार

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** विगत् 14 सितंबर शनिवार को बाबा की ग्यारस के साथ ही राजनांदगांव के रामदेव बाबा मंदिर में चल रहे 10 दिवसीय भादो मेला संपन्न हुआ। कल ग्यारस को परंपरागत रूप से बाबा की शोभायात्रा निकाल गई और इसके साथ ही यहां चल रहे भादो मेला 2024 की पूर्णाहूति हुई। शाम को 5:00 बजे बाबा मंदिर से शोभा यात्रा शुरू हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए रात्रि लगभग 9:00 बजे वापस बाबा रामदेव मंदिर पहुंचकर वहाँ विसर्जित हुई। इस बीच जगह-जगह श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा अर्चना व आरती कर प्रसाद पाया। जगह-जगह इस शोभायात्रा का बाबा भक्तों द्वारा स्वागत व अभिनंदन भी किया गया एवं स्वल्पाहार तथा शीतल पर आदि की व्यवस्था की गई। बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर परंपरागत रूप से प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा की भव्य आरती के साथ इस 10 दिन से भादो मेला का समापन



हुआ। उल्लेखनीय है कि 5 सितंबर से शुरु हुए इस मेले में पूरे दस दिन तथा रात में मंदिर प्रांगण में बाबा भक्तों की चहल पहल रही। यहां दूर दूर से भक्तों का आगमन का सिलसिला जारी रहा। रात्रि में प्रतिदिन स्थानीय तथा बाहरी भजन मंडलियों की प्रस्तुति चली और भक्तों ने खूब आनंद उठाया। सप्तमी को 56 भोग,नवमीं को परंपरागत् रुप से सवामनी की महाप्रसादी,दशमी को मद्रास के बाबा भक्त की बोलवा की महाप्रसादी एवां मेले के अंतिम दिन आर्वी महाराष्ट्र के देवेन्द्र राठी का जम्मा जागरण यादगार रहा। देवेन्द्र राठी का कार्यक्रम काफी प्रभावी रहा और सुबह 6 बजे तक चला जिसके बाद कार्यक्रम विश्राम की आरती हुई। मंदिर के पुजारीद्वय तंवरबंधु शरद एवं कोमल तंवर ने पूरे मेले के दौरान व्यवस्था बनाए रखाने के लिए प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्षा रुप से सहयोग कर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

**ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट**

# ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य पूरा करने में छत्तीसगढ़ का रहेगा अहम योगदान - सीएम साय

**रायपुर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपोज् का शुभारंभ किया. इस मौके पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो-2024ज्ज् का सत्र उत्साहवर्धक रहा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में छत्तीसगढ़ का अहम योगदान रहेगा. सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प है कि आने वाले 2030 तक इस देश में 500 मेगावाट रिन्यूअल एनर्जी का उत्पादन हो और उसे क्षेत्र में हमारा छत्तीसगढ़ का भी काफी योगदान रहेगा. हम सोलर के सेक्टर में, हाईड्रल में, बायोगैस में सभी में अच्छा काम कर रहे हैं. अभी हमारे प्रदेश की खपत कुल 5500 मेगावाट है जिसमें से करीब 15त्न रिन्यूअल एनर्जी में आधारित है, जिसे आगे ले जाकर हम 45 प्रतिशत तक बढ़ाने वाले हैं. इस तरह से जो प्रधानमंत्री जी का संकल्प है, उसमें हमारे छत्तीसगढ़ का भी योगदान रहेगा. बता दें आज सीएम साय के गुजरात दौरे का दूसरा दिन है. वे कार्यक्रम के बाद दोपहर 3:15 बजे गुजरात एयरपोर्ट से राजधानी रायपुर के लिये रवाना होंगे और शाम 5.30 बजे वापिस राजधानी रायपुर पहुंच जाएंगे.



# एनबीआईएस , बोरी की छात्रा को राज्य स्तरीय स्पर्धा में स्वर्ण पदक

**राजनांदगाँव ( नादगांव टाइम्स )।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल , बोरी की कक्षा बारहवीं की छात्रा दीक्षा साहू ने 24 वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता टेबल टेनिस खेल में स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया, जो कि 10 से 13 सितम्बर तक भिलाई नगर दुर्ग में संपन्न हुआ जिसमें 19 वर्षीय बालिका वर्ग में शाला की दीक्षा साहू पिता राजेश साहू ने टेबल टेनिस टीम का कुशलता पूर्वक नेतृत्व किया कुमारी दीक्षा ने पूरी प्रतियोगिता के दौरान अपराजय रहते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया 7 दीक्षा साहू पहले भी खेल में अच्छे प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रही है । दीक्षा साहू की इस कामयाबी पर शाला में हर्ष का माहौल है । शाला के संचालक श्री नीरज बाजपेयी , श्रीमती सोनल बाजपेयी , सुश्री कुंतल बाजपेयी , प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी , एडमिन श्री नितिन चौहान तथा शिक्षकों ने दीक्षा को बधाई दी तथा आगामी प्रतिस्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी ।



## दिव्यांग ममता चंद्रवंशी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान सफल

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम नवागांव पंचायत कोठीटोला में दिव्यांग ममता चंद्रवंशी के तत्वावधान में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में महिला कामिनी यादव, कृषि सखी सरस्वती कंवर और पशु सखी भारती मरकाम का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा। ग्राम संगठन के सभी सदस्यों और जय बजरंग युवा विभाग के सदस्यों ने भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से सफाई का कार्य किया। गांव के महत्वपूर्ण स्थानों की सफाई के साथ-साथ कचरा प्रबंधन पर भी ध्यान दिया गया। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के महत्व को समझाते हुए, सभी ने स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में दिव्यांग ममता चंद्रवंशी ने सभी सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ही स्वच्छ एवं समृद्ध समाज का निर्माण संभव है।



# शक्तिधाम में नवरात्रि को लेकर बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** शहर के वार्ड नम्बर 1 बाबुटोला में विराजमान शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर में आगामी क्वांर नवरात्रि को लेकर मंदिर के संरक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन व अध्यक्ष अखिलेश बंजारा, सचिव पिन्टू देवांगन एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में आज बैठक रखी गयी। नवरात्र महोत्सव भक्तिमय वातावरण में हर्षोल्लास से मनाने रूपरेखा तैयार कर सदस्यों को दायित्व सौंपे गये।



ज्ञात हो कि आगामी 3 अक्टूबर से क्वांर नवरात्रि का महापर्व शुरू हो रहा है। शहर सहित जिलेभर के सभी मंदिरों माता देवालयों में पर्व की तैयारी को लेकर मंदिर समितियों की बैठक का दौर भी शुरू हो गया है। वहीं शहर के प्रसिद्ध शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर में भी आज मंदिर के संरक्षक हरीश यादव के मार्गदर्शन में बैठक आहूत की गई। सचिव पिन्टू देवांगन ने बताया कि नवरात्र महोत्सव को लेकर तैयारी की जा रही है। नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास से मनाने रूपरेखा बनाई गई है। प्रथम दिवस 3 अक्टूबर, गुरुवार को घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। 7 अक्टूबर सोमवार पंचमी पर मां महाकाली का विशेष श्रृंगार होगा। साथ ही भजन संध्या का भी आयोजन किया जाना है। 10 अक्टूबर गुरुवार कोअष्टमी पूर्णाहुति हवन एवं 11 अक्टूबर शुक्रवार को ज्योतिकलश विसर्जन किया जाएगा। नवरात्र महोत्सव सुचारू रूप से करने मंदिर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। बैठक में संरक्षक दुर्गा यादव, अध्यक्ष अखिलेश बंजारा, शंभु वर्मा, भोज राम वर्मा, भगवती निषाद, कौशल दास मानिकपुरी, चंद्रेश साहू, राजिव सिंह, किशन चौरसिया, पीतांबर देवांगन, प्रांशु भरतद्वाज, श्यामू साहू, विकास राजपूत, अनिल चौहान, लव यादव, भूपेंद्र रामटेके सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रशांत वर्मा ने दी।

# पति सास , ससुर के द्वारा दहेज के नाम पर प्रताड़ित, मौत आरोपी गिरफतार, अन्य फरार

**डोंगरगांव ( नादगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव मे दर्ज मर्ग की जांच किया , मर्ग जांच मे अपराध धारा 304-बी भादवि का अपराध पाये जाने से अप0 कायम कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये प्रकरण की अग्रिम जांच पुलिस अनुवि?भागीय अधिकारी के द्वारा विवेचना किया जिसमे मे पाया गया कि मृतिका नवविवाहिता को 30.07.23 के 17.05 बजे दिन मे बेहोशी की हालात मे सीएचसी डोंगरगांव मे परिजनों के द्वारा ईलाज हेतु लेकर आये जिसे डां0 साहब के द्वारा चेक करने पर मृत घोषित कर दिया , मृतिका के परिजनों बताया कि मृतिका सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुये शादी मे शादी के बाद से ही लगभग 02 वर्षो से उनके ससुराल पक्ष मे पति सास , ससुर के द्वारा दहेज के नाम पर प्रताड़ित करते रहे , इसी दौरान 30.07.23 को मृतिका आत्महत्या कर लिया , आरोपी पति के द्वारा लगाये गये फांसी के फंदे को अपने बाड़ी मे आग से जलाना बताये । आरोपीगण तामेश्वर सेन पिता ढालसिंग , ढालसिंग सेन पिता स्व0 जगदीश राम , ग्राम कोहका , डोंगरगांव , के विरूद्ध कार्यवाही कर गिर0 कर 9. सितंबर को जेल भेज दिया गया है प्रकरण मे अन्य आरोपी फरार है पता तलाश कर गिर0 की जा रही है।

# प्रधानमंत्री वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों का करायेगें गृह प्रवेश

## महापौर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी पहले दिन शीतला माता मंदिर परिसर में करेंगें श्रमदान, एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** शासन के निर्देशानुसार 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित करने की कड़ी में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर 2024 को सुबह 8 बजे शीतला माता मंदिर परिसर में श्रमदान कर और त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। वही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत देशभर के 4 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश किया जायेगा। जिसका दोपहर 12 बजे नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में सीधा प्रसारण होगा।

नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भुवनेश्वर ओड़िसा राज्य से 17 सितम्बर 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत देशभर के 4 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश किया जायेगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के 23071 हितग्राहियों का गृह प्रवेश प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का नगर निगम द्वारा नगर के हितग्राहियों के लिए टाऊन हॉल सभागृह में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सीधा प्रसारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित किये जाने शासन निर्देश के अनुक्रम में अभियान के पहले दिन शीतला माता मंदिर परिसर में श्रमदान किया जायेगा। श्रमदान के अलावा स्वच्छता रैली आयोजित की जायेगी। रैली को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना की जायेगी। इसी कड़ी में सुबह 9 बजे एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण किया जायेगा। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने 17 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रमों में सुबह 8 बजे शीतला माता मंदिर परिसर में श्रमदान, 9 बजे त्रिवेणी परिसर में वृक्षारोपण एवं दोपहर 12 बजे टाऊन हॉल सभागृह में आयोजित प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के ऑनलाईन गृह प्रवेश कार्यक्रम में निगम पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों तथा पत्रकार बंधुओं से उपस्थिति की अपील की है।



nandgaon times sep--17-4.qxd 9/16/2024 9:58 PM Page 2



# गणेश विसर्जन के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी सजगता से करें अपने दायित्वों का निर्वहन - कलेक्टर

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गणेश विसर्जन के मद्देनजर कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारियों की ली बैठक, गणेश विसर्जन के लिए अमला पूरी तरह से रहे अलर्ट - पुलिस अधीक्षक

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन के मद्देनजर कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए सभी अधिकारी अपनी पूरी तैयारी करते हुए चाक-चौबंद व्यवस्था रखें। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी सजगता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। कार्यपालिक अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी आपस में तथा समिति के साथ संचार एवं समन्वय करें और सतत संपर्क में रहे। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए निर्धारित रूट का अवलोकन कर लें तथा प्रकाश, बोट, गोताखोर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम की टीम, एसडीएम, एसडीओपी, सभी तहसीलदार, थाना प्रभारी को अलर्ट मोड में रहते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजनांदगांव नगर निगम सीमा क्षेत्र में मदिरा दुकानें बंद रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध शराब पर कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। इसके लिए अवैध शराब के परिवहन को लक्षित करते हुए कार्य करें तथा सूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय बनाते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अवैध शराब, जुआ-सट्टा, नशाखोरी करने वालों पर कार्रवाई करने से परिवर्तन आएगा और ऐसे लोगों को जेल में भी डालने की जरूरत है। उन्होंने गणेश विसर्जन के दौरान जनसामान्य के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग तथा विद्युत व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए विद्युत विभाग की टीम को उपस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनसीसी, स्काउट एवं अन्य वालिंटियर की मदद व्यवस्था बनाने के लिए ले सकते हैं। गणेश विसर्जन के लिए कलेक्टर ने वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए, ताकि समस्त गतिविधियों की मॉनिटरिंग की जा सके।




पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि गणेश विसर्जन के लिए अमला पूरी तरह से अलर्ट रहे, ताकि समय पर गणेश विसर्जन का कार्य पूर्ण हो सके। रूट चार्ट की पूरी जानकारी रखते हुए ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां विकल्प के तौर पर स्थान सुरक्षित रखा जा सके। समुचित व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थल पर प्रकाश, गोताखोर, उद्घोषक, रस्सी सहित समुचित व्यवस्था रहे। सभी एसडीएम एवं एसडीओपी तथा थाना प्रभारी स्वयं जाकर विभिन्न स्थानों का विश्लेषण करें तथा सेक्टर बांटते हुए, अपने रूट चार्ट को समझ लें। ऐसे स्थान जहां पुलिस बल लगाने की जरूरत है तथा ऐसे स्थान जहां पेट्रोलिंग की जरूरत है, जिनका चिन्हांकन करते हुए सख्ती से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कल सुबह मॉकड्रिल की जाएगी। जहां वाहन तथा एम्बुलेंस के लिए स्थान एवं गणेश विसर्जन की झांकियों के सुगम आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था के लिए मॉकड्रिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान समस्त गतिविधियों की निगरानी के लिए वीडियोग्राफी की जाएगी। साथ ही कंट्रोल रूम एवं ड्रोन एवं फोटोग्राफी के माध्यम से भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने मानव मंदिर चौक पर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन समिति को टोकन दिया जाएगा और सभी अपने क्रम से गणेश विसर्जन करेंगे। पुरस्कार सिर्फ उन्हीं समितियों को दिया जाएगा, जो टोकन लेंगे। शाम 8 बजे से गणेश विसर्जन के लिए झांकी निकलेगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब के परिवहन तथा जुआ-सट्टा तथा नशाखोरी को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस रखते हुए कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि शराब के दुष्प्रभाव को देखते हुए, पुलिस एवं आबकारी विभाग सूचना मिलते ही संयुक्त रूप से कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि झांकियां तीन रूट महावीर चौक, दुर्गा चौक, गुरूनानक चौक से होते हुए मानव मंदिर चौक पहुंचेगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुलदेव शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, एसडीएम श्री अतुल विश्वकर्मा सहित सभी कार्यपालिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ के किशुन देवांगन निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ राजनांदगांव के नवीन पदाधिकारियों का निवर्वाचन 14 सितंबर 2024 को सम्पन्न हुआ। श्री किशुन देवांगन (गठुला) कर्मचारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष एवं श्री प्रकाश भैसारे (सीतागोटा) सचिवपद पर निर्वाचित हुये। निर्वाचन कार्यक्रम संघ के निवृतमान अध्यक्ष श्री ईश्वर श्रीवास द्वारा नवीन निर्वाचन की घोषणा के पश्चात निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित लाल उड़?सेना एवं सहायक निवचिन अधिकारी अवधराम साहू एवं श्री संदीप कुमार साहू द्वारा विधिवत निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा विभिन्न पदों हेत्तु नाम आमंत्रित किये गये। उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष श्री किशुन देवांगन (गठुला), उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र चन्द्राकर (सूरगी) एवं श्री संतोष साहू (खुर्सीटिकुल) महिला उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती साहू (गठुला), कोषाध्यक्ष श्री रेवा राम साहू (भानपुरी), सचिन श्री प्रकाश भैंसारे (सीतागोटा), सहसचिव श्री दिलीप शर्मा (दिवानभेडी) संगठन मंत्री श्रीमती अंजू पटेल (तुमड़ीबोड़) आदि शामिल है। श्री किशुन देवांगन पूर्व में भी अविभाजित राजनांदगांव जिले के सफलतापूर्वक अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके है। उन्होंने निर्वाचन पश्चात समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुये कर्मचारी हित में कार्य करने हेतु प्रतिबद्ध व्यक्त की है।



## जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना' थीम पर नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में फोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** जनसंपर्क विभाग द्वारा 'विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना' थीम पर नगर निगम सभागृह टाऊन हॉल में फोटो प्रदर्शनी लगाई जा रही है। फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक दिखाई देगी। फोटो प्रदर्शनी में बचपन, पाठशाला, माँ से मिला संस्कार, देश भक्ति की शक्ति, किताबों के समंदर के गोताखोर, युवा नमो जीवन एक खोज, हिमालय की गोद में, पावरफुल सीएम, वीआईपी कल्चर को गुडबाय, मोदी 3.0, बाबासाहेब को सच्ची श्रद्धांजलि, 24 घंण्टे भी कम है बंदे में इतना दम है, आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब, संकटमोचक बने मोदी, जल शक्ति से जलक्रांति, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, अंतरिक्ष शक्ति, संविधान के अग्रदूत सहित विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। फोटो प्रदर्शनी में जनसंपर्क विभाग की पत्रिका जनमन का भी नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।



**शुभांक**

2-3-7

370-0 260-8

**भाग्यांक**

134-8 ----

# दंतेवाड़ा से आरंभ यादव जन जागरण यात्रा का डोंगरगांव में स्वागत

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)** । 7 सितंबर 2024 को दंतेवाड़ा से आरंभ यादव जन जागरण यात्रा का राजनंदगांव जिला के नगर पंचायत डोगरगांव में गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया । श्री रमेश यदु अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज, श्री जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष झेरिया यादव समाज छत्तीसगढ़ के द्वारा 30 सितंबर को रायपुर में होने वाले यादव जन जागरण सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हेतु आह्वान की है । इस अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन भी रहा है। वक्ताओं ने शिक्षक की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। शिक्षकों का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। ईष्ट देव भगवान श्री कृष्ण के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके धूप आरती के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमेश यदु अध्यक्ष सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता श्री जगनिक यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने की । इस अवसर पर श्रीमती धनमती यादव सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, जितेंद्र बहादुर सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष प्रगतिशील यादव समाज छत्तीसगढ, शशिकांत यादव उपाध्यक्ष



प्रगतिशील यादव समाज, कमल यादव प्रदेश सचिव अखिल भारतीय यादव महासभा छत्तीसगढ़, मंगल यादव जिला उपाध्यक्ष दुर्ग संजय यादव सामाजिक प्रतिनिधि रायपुर उपस्थित थे। संयुक्त जिला के पदाधिकारी ज्योतिष राम यादव अध्यक्ष, जी आर अहीर संरक्षक, रमेश यादव जी संरक्षक, सेवक राम यादव महासचिव एवं प्रदेश संगठन सचिव, देव कुमार यादव अध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ, लखन अहीर उपाध्यक्ष, विष्णुराम यादव अध्यक्ष, खुज्जी, पन्नालाल अध्यक्ष डोंगरगांव, बिहारी लाल यादव सरक्षक, धनुष यादव संरक्षक, शत्रुघन लाल यादव अध्यक्ष छुरिया, कमल यादव अध्यक्ष कोकपुर, अवध यादव अध्यक्ष चौकी, अनुज यादव अध्यक्ष खैरागढ़, कृष्णा यादव अध्यक्ष छुईखदान, शिवकुमार यादव अध्यक्ष डोगरगढ, श्री नरसिंह यादव सचिव गरीबा यादव अध्यक्ष अमन यादव एवं राजेश यादव राजनंदगांव, सुंदर लाल यादव अध्यक्ष, नरेश यादव अध्यक्ष गंडई, कमलेश यादव, कृष्णा यादव व्याख्याता डोंगरगढ़, बीएल यादव डोंगरगांव, मनोज यादव, कौशल यादव, मुकुंद यादव कोषाध्यक्ष, विकास यादव व्याख्याता, श्रीमती ललिता यादव, श्रीमती सरिता यादव, गायत्री यादव, श्रीमती राखी यादव एवं शैलेंद्री यादव कार्यकारी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, राकेश यादव अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, जगतु राम यादव उपाध्यक्ष, रितेश यादव सचिव, कन्हैया यादव संगठन सचिव, परभु यादव संगठन सचिव, पवन यादव, मनोज यादव, श्रीमती नंदनी अहीर सहित एवं बड़ी संख्या में माताएं बहनें तथा स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# हिंदी दिवस पर शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पारीखुर्द, संकुल -भर्रेगांव में संकुल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी में संकुल के सभी प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं के हिन्दी पढ़ाने वाले शिक्षक -शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया था। जिसमें रणजीत कुमार यादव, कन्हैया साहू, ज्योति साहू, अनुपमा सोनी, रेणुका साहू व पूजा चन्द्राकर उपस्थिति रही। अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदा की पूजा अर्चना से हुई। मधुर स्वर में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए शाला की पूर्व छात्रा रमा साहू ने दिव्यता की अनुभूति करायी। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए संस्था प्रमुख शिव कुमार सेवता जी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया; साथ ही साथ हिन्दी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। पधारे हुए अध्यापकों द्वारा हिन्दी भाषा के महत्व, वर्तमान परिदृश्य में हिन्दी व बदलते समय में हिन्दी की भूमिका पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। उनके व्याख्यान से बच्चों में हिन्दी भाषा के प्रति और अधिक अपनत्व जागृत हुई। हिन्दी दिवस के आयोजन में बच्चों ने भी गीत, भाषण, कविता व नृत्य की प्रस्तुति दी। संगोष्ठी आयोजन को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से शाला परिवार द्वारा सम्माननीय शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम के अंत अजय सिंहमारे द्वारा रचित बहुत ही सुन्दर कविता के माध्यम से शाला की शिक्षिका श्रीमती विभा सिंहमारे द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।मंच संचालन शिक्षिका सुश्री पुष्पलता देवांगन द्वारा किया गया।




## हरियाली बहिनी ने 500 पंडालो से फूल एकत्रित किए

**राजनांदगाँव (नादगांव टाइम्स)।** हरियाली बहिनी अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयास के तहत अविभाजित जिले में इन दिनों गणेश पंडालों से फूल एकत्रित किये जा रहे है, हरियाली बहिनी के अथक प्रयास से महिला समूह की महिलाओं ने 500 से अधिक पंडालों में जाकर फूल एकत्रित की गई है ताकि तलाबों से प्रदूषण से रोकने अभिनव प्रयास से लोगों को जोड़ा जा सके हरियाली बहिनी अभियान के प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया किया गांवों और शहरों में बप्पा में चढ़े फूलों के एकत्रित कर सुखाया जा रहा है ताकि अगरबत्ती के उपयोग में लाया जा सकें । फूल को एकत्रित करने का उद्देश्य जल प्रदूषण के लिए जागरूकता लाना है, हरियाली बहिनी जनिया, कस्तूरी, पूर्णिमा, पुष्पा, यमुना, सत्यवती, धनेश्वरी ने बताया कि, महिलाएँ पंडाल में जाकर आयोजन समिति से फूल एकत्रित की जा रही है । फूलो को तालाबों, नदियों में न बहाने के लिए जागरूक की जा रही है, इस अभियान से महिलाओं के अलावा आयोजन समितियाँ भी जुड़ रहे है ।



# अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के हिंदी विभाग में मनाया गया हिन्दी दिवस

**डोंगरगांव (नादगांव टाइम्स)।** शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव के हिंदी विभाग में 14 सितंबर को प्राचार्य डॉ.बी.एन.मेश्राम के मार्ग दर्शन तथा हिंदी विभाग के नेतृत्व में हिंदी दिवस मनाया गया ! जैसा की हम सभी जानते हैं विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भारत की राजभाषा हिन्दी है, जो लोगों के भावाभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है जिससे अपने मन के भावों को बेहद सुगमता से एक व्यक्ति अन्य व्यक्ति तक संप्रेषित करता है। 14 सितंबर 1949 को हिन्दी को राजभाषा घोषित करने के पश्चात सन 1953 से 14 सितंबर को प्रति वर्ष हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई, तत्पश्चात प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में हिंदी की महत्ता को रेखांकित करते हुवे बताया की हिंदी भाषा को हमें सम्मान की नजर से देखना चाहिए , जहां तक संभव हो हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि, हिंदी में दूसरे भाषाओं की अपेक्षा संप्रेषण कौशल ज्यादा सुगम और व्यापक है! महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के गीत,कविता और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिसमें हिन्दी भाषा के गौरव के विषय में सबका ध्यान आकर्षित किया गया । हिंदी विभाग से भावेश कुमार साहू,ईश्वरी टेंभुरकर, तथा अमन मेश्राम द्वारा कविता,गीत प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में जनभागीदारी शिक्षक शुभम सिंह बनाफर एवं एकलव्य कुमार ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए ,इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और हिंदी के प्रति अपने प्रेम को साझा किया!



# स्थगन आदेश को समाप्त कर हाईकोर्ट ने प्रकरण खारिज किया

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** पेंशनर एसोसिएसन के समानांतर संगठन मामलें में उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ ने डब्लु.पी.सी. ने 48030 एफ-2021 स्थगन आदेश दिनांक 26/11/2021 को 8 अगस्त 2024 के अनुसार प्रकरण खारिज एवं स्थगन आदेश समाप्त कर दिया है। पेंशनर एसोसिएसन छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांतिय महामंत्री जशवंत देवान ने जारी विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि जनवरी 2017 से पूर्व प्रांताध्यक्ष डॉ. के.बी. गाजी राजनांदगांव द्वारा समानांतर संगठन चलाया गया जिस पर रजिस्टार के समक्ष यशवंत देवान महामंत्री ने रजिस्टार फर्म्स एण्ड सोसायटी छ.ग. में रजिस्टर्ड अपील की। रजिस्टार ने 13 अक्टूबर 2021 आदेश जारी श्री गाजी प्रांतीय कार्यकारिणी को अमान्य कर यशवंत देवान महामंत्री को 13 अक्टूबर 2021 को लिखित आदेश जारी किया। श्री गाजी के समांतार एसोसिएसन को समाप्त कर दिया इस आदेश के विरूद्ध डॉ. के.बी. गाजी पूर्व प्रांताध्यक्ष ने हाईकोर्ट छ.ग. बिलासपुर ने अपील की प्रकरण पर डब्लू.पी.सी. नं. 48030 एफ 2021 दिनांक 26 नवंबर 2021 को स्थगन आदेश जारी हुआ जिसमें यशवंत देवान महामंत्री को पार्टी बनाकर नोटिश दिया गया इस बीच 27 नवंबर 2023 को पूर्व प्रांताध्यक्ष श्री गाजी की मृत्यु हो गई इसके बाद यशवंत देवान महामंत्री नेविगत 3 वर्षों से जारी स्थगन आदेश को समाप्त करने एवं शीघ्र सुनवाई हेतु अपील उच्च न्यायालय में की। 8 अगस्त 2024 को उच्च न्यायालय छ.ग. के न्यायाधीश पार्थ प्रीतम साहू ने स्थगन आदेश को समाप्त कर प्रकरण खारिज कर दिया। समस्त प्रांतीय कार्यकारिणी, पदाधिकारी, जिला एवं तहसील पदाधिकारी सहित छ.ग. प्रदेश के समस्त पेंशनर एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया है। पेंशनर एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश जिला राजनांदगांव के जिलाध्यक्ष अनील शर्मा, सचिव एन.के. पंचभावे, संरक्षक एस.आर. केहरी, नगर अध्यक्ष पी.आर. साव, जिला महामंत्री सुधीर शेण्डे, प्रचार-प्रसार मंत्री सी.पी. कोसरिया/रमेश भोजवानी, जिला कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, तहसील अध्यक्ष घुमका के.के. दुबे, डोंगरगांव अध्क्ष ज्योतिष राम यादव/पी.एल वर्मा, डोंगरगढ़ अध्यक्ष कृष्णा लाल साहू, मनहरण साहू / ए.के. कहार राजू मोहबे / गणेश राम यादव / बाके सिंह ठाकुर सभी पेंशन एसोसिएसन ने इस जीत की खुशी में चिखली चौक के सामने फ्टाखें फोड़े एवं एक-दुसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया गया।



# शांतिपूर्ण ईद मिलादुन्नबी का निकाला गया जुलूस

## बैगर डीजे निकला जूलूस मा. न्यायालय के आदेश का किया गया पालन



**छुरिया (नादगांव टाइम्स)।** आज हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्मदिन के मौके पर प्रदेश व छुरिया नगर मे मुस्लिम भाईयों ने प्रति वर्ष के अनुसार इस बार भी नगर मे निर्धारित मार्ग पर सादगीपूर्ण जुलूस निकाला। जहां मा. न्यायालय व शासन प्रसाशन के आदेश को मानते हुए बैगर डीजे के अमन चैन के साथ निकला जूलूस साथ मे नगर में शिरनी का भी किया तस्कीम। वहीं इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने मुस्लिम भाईयों से हाथ मिलाकर उन्हें ईद मिलादुन्नबी का मुबारकबाद दिया जूलूस के बाद जामा मस्जिद छुरिया के इमाम ने परचम कुसाई बाद फातेहा कर देश मे भाईचारे अमन शांति के लिए दुआ पेश किया गया इस मौके पर सदर वसीम कुरैशी ,सिद्दीक कुरैशी, अहमद भाई ,गफ्फार भाई ,अलीम मास्टर साहब, मुजिब अहमद खान,अमीर खान, शकील अली, मेराज शरीफ सलमान खान,कादर खान ,शादिक खान ,जावेद मेमन ,फरहान मेमन, ताहिर खान, सोनू खान , आबिद मेमन, सीराज मेमन ,अल्तमस मेमन ,अफी मेमन, मुज्जम्मिल खान, शोयब खान, इमरान खान,व मुस्लिम जमात के लोगो ने काफी संख्या मे जूलूस मे हिस्सा लिया। वहीं पुलिस प्रशासन भी शांति व्यवस्था बनाए रखने सुबह से तैनात नजर आए।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ0ग0)**
**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र. 202409092100008 अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजकुमारी लाउने पति श्यामलाल, निवासी बधियाटोला वार्ड नं. 07 डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक द्वारा ग्राम छिरपानी वार्ड नं. 8 डोंगरगढ प. ह. नं. 24 स्थित भूमि खसरा नं. 41/19 का रकबा 0.011 हैं. क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट 116.17 वर्गमीटर भू-राजस्व 0.03 रु. को पंजीबद्ध बयनामा द्वारा क्रय किया गया है। उक्त भूमि पटवारी अभिलेख में खसरा नं. 41/19 रकबा 0.011 हैं. क्षेत्रफल 1250 वर्गफुट 116.17 वर्गमीटर भू-राजस्व 0.04 रू. आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक पर दर्ज है। उक्त भूमि खसरा नं. 41/19 रकबा 0.011 को भोजनालय एवं होटल प्रयोजन हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ. ग.भू.रा.संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर

आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/09/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09 / 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी**
**(राजस्व)**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़,**
**जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**
**- ईश्तहार:-**

रा.प्र.क. 202407092300019-अ/74 वर्ष 2023-24 एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुम्भलाल उईके पिता कार्तिकराम जाति गोड़ निवासी ग्राम कन्हारगांव तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेष किया गया है कि अपने माता जमुना बाई पति कार्तिकराम का दिनांक 30.09.1993 में ग्राम कन्हारगांव में मृत्यु हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत मुसराकला के जन्म/मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता जमुना बाई पति कार्तिकराम का दिनांक 30.09.1993 में ग्राम कन्हारगांव में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेष कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है। अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि आवेदक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डोंगरगढ़ के नाम आरक्षित करने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति दिनांक 18.09.24 तक इस न्यायालय में पेष कर सकते हैं। निर्धारित तिथि बाद दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 05.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## ज्ञान मंथन

*1) खाकी क्रांति किससे संबंधित है?*

*2) हाल ही में किस राज्य की विधानसभा में पहली बार शून्यकाल शुरू हुआ है?*

*3) बीमर शब्द किस खेल से संबंधित है?*

*4) दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासक रजिया सुल्तान किस राजवंश से संबंधित थी?*

*5) हाल ही में सरकार ने किसे सेबी बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) चमड़ा उत्पादन (2) हिमाचल प्रदेश (3) क्रिकेट (4) गुलाम राजवंश (5) दीप्ति गौर मुखर्जी

# विश्व निर्माता भगवान विश्वकर्मा जयंती आज

**अरविन्द तिवारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दुनियाँ का सबसे पहला इंजीनियर , देवशिल्पी , वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस के मौके पर देश भर में विश्व ?कर्मा पूजा धूमधाम से मनाया जायेगा। कहा जाता है कि इन्होंने ब्रह्माजी के साथ मिलकर इस सृष्टि का निर्माण किया था। श्रमिक समुदाय से जुड़े लोगों के लिये यह दिन बेहद खास होता है। आज के दिन उद्योगों , कंपनियों , दुकानों एवं घरो में मशीनों, औजारों , अस्त्र-शस्त्र सहित विश्वकर्मा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। सनातन धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। कहा जाता है कि उन् ?होंने देवी-देवताओं के लिये ना सिर्फ भवनों का निर्माण किया बल्कि समय-समय पर अस् ?त्र-शस् ?त्रों का भी सृजन किया था। यही वजह है कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सभी औजारों या उपकरण पर विश्वकर्मा का प्रभाव माना जाता है। इस दिन कारोबारी और व्यवसायी लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा करें तो व्यापार में तरक्की मिलती है। घर में रखे हुये लोहे के सामान और मशीनों की पूजा करने से वे जल्दी खराब नहीं होते और मशीनें अच्छी चलती हैं। ऐसा माना जाता है कि भगवान मशीनों पर अपनी कृपा बनाये रखते हैं। भगवान विश्वकर्मा की पूजा करने से व्यक्ति की शिल्पकला का विकास होता है , जिससे व्यक्ति को अपने काम में सफलता हासिल होती है। शास्त्रों की मान्यता के अनुसार विश्वकर्मा भगवान की पूजा करने से दुर्घटनाओं व आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। इनकी पूजा से जीवन में कभी भी सुख समृद्धि की कमी नहीं रहती है। कलयुग में भगवान विश ?वकर्मा की पूजा हर ० ?यक्ति के लिये जरूरी और लाभप्रद बतायी गयी है। कलयुग का संबंध कलपुर्जों से माना जाता है और आज के युग में कलपुर्जे का प्रयोग हर शख ?स कर रहा है। लैपटॉप , मोबाइल फोन और टैबलेट भी एक प्रकार की मशीन हैं और इनके बिना आज के युग में रह पाना बहुत मुश्किल है। इसलिये भगवान विश ?वकर्मा की पूजा करना हम सबके लिये बेहद शुभफलदायी मानी जा रही है। विश्वकर्माजी का जन्म कब



हुआ , कैसे हुआ ? इस बात को लेकर अलग-अलग कथायें और तथ्य हैं। एक पौराणिक कथा के अनुसार वास्तुकला के आचार्य भगवान विश्वकर्मा वास्तुदेव तथा माता अंगिरसी के पुत्र हैं। वहीं स्कन्द पुराण में बताया जाता है कि धर्म ऋषि के आठवें पुत्र प्रभास का विवाह गुरु बृहस्पति की बहन भुवना ब्रह्मवादिनी के साथ हुआ था। ब्रह्मवादिनी ही विश्वकर्माजी की माँ थी। इसके अलावा वराह पुराण में इस बात का उल्लेख है कि सब लोगों के उपकारार्थ ब्रह्मा परमेश्वर ने बुद्धि से विचारक विश्वकर्मा को पृथ्वी पर उत्पन्न किया था। सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी कर्म सृजनात्मक है जिन कर्मों से जीव का जीवन संचालित होता है , उन सभी के मूल में विश्वकर्मा हैं। अत: उनका पूजन जहां प्रत्येक व्यक्ति को प्राकृतिक ऊर्जा देता है वहीं कार्य में आने वाली सभी अड़चनों को खत्म करता है। विश्वकर्मा को देवशिल्पी कहा जाता है उन्होंने सतयुग में स्वर्गलोक , त्रेतायुग में सोने की लंका , द्वापर में द्वारिका और कलियुग में भगवान जगन्नाथ , बलभद्र एवं सुभद्रा की विशाल मूर्तियों का निर्माण करने के साथ ही यमपुरी , वरुणपुरी , पांडवपुरी , कुबेरपुरी , शिवमंडलपुरी तथा सुदामापुरी , हस्तिनापुर , पुष्पक विमान के साथ-साथ भगवान विष्णु के लिये सुदर्शन चक्र , भगवान शिव के लिये त्रिशूल और यमराज का कालदंड और सोने की लंका का निर्माण किया। पुराणों में जिक्र है कि भगवान शिव ने माता पार्वती के लिये एक महल का निर्माण करने के बार में सोचा और इसकी जिम्मेदारी भगवान विश्वकर्मा को सौंपी , तब उन्होंने सोने का महल बना दिया। इस महल की पूजा के लिये रावण को बुलाया गया , लेकिन रावण महल को देखकर इतना मंत्रमुग्ध हो गया कि उसने दक्षिणा के रूप में महल को ही मांग लिया। भगवान शिव उस महल को रावण को सौंपकर खुद कैलाश पर्वत चले गये। महर्षि दधीचि द्वारा दी गई उनकी हड्डियों से ही विश्वकर्माजी ने च्व्बज्रज्ज् का निर्माण किया , जो कि देवताओं के राजा इंद्र का प्रमुख हथियार है। ऋग्वेद में 11 ऋचाओं में इनके महत्व का वर्णन किया गया है। एक कथा के अनुसार संसार की रचना के शुरुआत में भगवान विष्णु क्षीरसागर में प्रकट हुये। विष्णुजी के नाभि-कमल से ब्रहाजी की उत्पत्ति हुई। ब्रह्माजी के पुत्र का नाम धर्म रखा गया। धर्म का विवाह संस्कार वस्तु नामक स्त्री से हुआ। धर्म और वस्तु के सात पुत्र हुये , उनके सातवें पुत्र का नाम वास्तु रखा गया। वास्तु शिल्पशास्त्र में निपुण था , वास्तु के पुत्र का नाम विश्वकर्मा था। वास्तुशास्त्र में महारथ होने के कारण विश ?वकर्मा को वास्तुशास्त्र का जनक कहा गया। इस तरह भगवान विश्वकर्मा जी का जन्म हुआ , जो अपने माता पिता की भांति महान शिल्पकार हुये। विश्वकर्माजी ने ही धरती , आकाश , जल सहित पूरे ब्रह्मांड की रचना की। विश्वकर्मा के पांच महान पुत्र: विश्वकर्मा के उनके मनु , मय , त्वष्टा , शिल्पी एवं दैवज्ञ नामक पांच पुत्र थे। ये पांचों वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में पारंगत थे। मनु को लोहे में , मय को लकड़ी में , त्वष्टा को कांसे एवं तांबे में , शिल्पी को ईंट और दैवज्ञ को सोने-चांदी में महारात हासिल थी।

## राजनांदगाँव में शिवसेना पार्टी का विस्तार

**राजनांदगाँव ( नादगांव टाइम्स )।** शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार जी के आदेशानुसार कल सोमवार राजनांदगाँव रेस्टहाउस पहुंचे



प्रदेश पदाधिकारी जिसमे शिवसेना प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव कमलाकर यादव सहित प्रदेश पदाधिकारियों की अगुवाई में बैठक रखी गयी है। उक्त बैठक में संगठन विस्तार, नवरात्र चुनरी यात्रा, निकाय चुनाव के संबंध में विशेष चर्चा की गयी।

**आकाश बने शिवसेना के नए जिलाध्यक्ष** - उक्त बैठक में पार्टी का विस्तार करते हुवे आकाश सोनी को शिवसेना का जिलाध्यक्ष, माखन यादव को जिला महासचिव, सुमित बंजारे को जिला उपाध्यक्ष, विक्की सेन को जिला उपाध्यक्ष, आयुष वर्मा को शहर उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। उक्त पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी की नियुक्ति के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सोनी, राजनांदगाँव विधानसभा उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण पटेल, नरेश यादव, टोमन साहू सहित बड़ी संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहे। सभी वरिष्ट पदाधिकारियों द्वारा आकाश को पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुवे देश हित, जन हित एवं छत्तीसगढ़ियों के हित में कार्य करते हेतु आम जनता के साथ होने वाले अन्याय, अत्याचार व शोषण के खिलाफहर संभव लड़ाई लड़ने की सपथ दिलाते हुवे शुभकामना दी गयी।

## ग्राम मालवीचुवा (दैहान) में गणेश उत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए- भोलाराम साहू

**खुज्जी ( नादगांव टाइम्स )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मालवीचुवा (दैहान) में मान. श्री भोलाराम साहू विधायक खुज्जी के कर कमलो द्वारा



गणेश उत्सव के पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित सास्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत गणेश भगवान की पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया गया। विधायक श्री साहू जी ने आयोजन समिति एवं समस्त ग्रामवासियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान की इस अवसर पर नरेश शुक्ला, लक्ष्मी नारायण साहू, सुदामा चंद्रवंशी,भागवत भुआर्य, गीतेश्वर सिन्हा, अशोक भुआर्य, सुकल रावटे, भागी चंद्रवंशी, रविशंकर, तमेश्वर, जगेश्वर, कमलेश, गुमान रावटे, शैलेन्द्री सिन्हा, अनुज सिन्हा, पनकू राम, खोमन सिन्हा, उदयराम, रेवा राम, जामवंत साहू एवं आयोजन समिति के सदस्य सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## 129 नग देशी शराब के पकड़ाया





### एक आरोपी हुआ फरार

**डोंगरगांव ( नादगांव टाइम्स )।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व थाना क्षेत्र के अंतर्गत अवैध शराब बिक्री को लेकर गंभीरता से लेते हुये , एक अभियान के तहत 15.सितंबर को ग्राम उमरवाही मे 02 आरोपीयों - सगाबती मंडावी पति जगदेव मंडावी - ओटीपारा , ग्राम उमरवाही , - चंदू भारद्वाज पिता सुरजूराम , ग्राम उमरवाही , के खिलाफ धारा ङ्क 36(ष्ट) आबकारी एक्ट की अपराध दर्ज किया गया है इसी प्रकार आरोपी माखन यादव पिता रामसिंग यादव ,- पांगरीकला , के पास से 18 पौवा देशी प्लेन शराब एवं अवैध शराब जप्त कर आरोपी के खिलाफ धारा-34(1)(ख) आबकारी एक्ट की कार्यवाही दर्ज किया गया है । कार्यवाही में ग्राम अरसीटोला मे भांठाबम्हनी रोड किनारे , आबकारी कार्यवाही के दौरान आरोपी अपने पास रखे अवैध रूप से देशी प्लेन शराब कुल 109 नग देशी प्लेन शराब को मौके पर ही छोड़कर पुलिस के भय से फरार हो गया , फरार आरोपी के खिलाफ अपराध धारा ङ्क 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दर्ज किया गया है , थाना डोंगरगांव क्षेत्र में कुल 04 प्रकरण मे कुल 129 नग देशी प्लेन शराब अवैध शराब जप्त कर आरोपी को गिर0 किया गया है । ग्राम अरसीटोला के आबकारी कार्यवाही से फरार आरोपी की पता तलाश कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी ।

## सभी अभियंता अपना कार्य पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें - कलेक्टर

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** अभियंताओं के पितृ पुरुष भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरैया जी की 163वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर असोसिएशन के द्वारा अभियंता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। गत दिवस गौरव पथ स्थित गोविंद राम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल अभियंताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अभियंता अपने कार्य निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक करें। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे असोसिएशन के जिलाध्यक्ष इंजीनियर राजशेखर मेश्राम ने सभी उपस्थित अभियंताओं को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन में ही शक्ति है। इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे से समता वृद्ध आश्रम में वृद्ध जनों को भोजन सेवा एवं आस्था मुकबधिर शाला में बच्चों को फल वितरण किया गया । संध्या 7:00 बजे मुख्य समारोह में अभियंता व्याख्यान माला आयोजित हुई वहीं सेवानिवृत्ति अभियंताओं का विशेष सम्मान किया गया है। सम्मान प्रतिभावान विद्यार्थियों का भी किया गया और इसी के साथ संगीत सरिता (आर्केस्ट्रा) आयोजन में चांर चांद लगा दिया। इस



अवसर पर मुख्य रूप से इंजी. जी. डी. रामटेके कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग राजनांदगांव, इंजी. अफताब आलम कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन मोंगरा बैराज संभाग डोंगरगाँव, इंजी. ए. के. चौहान कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण संभाग राजनांदगाँव, इंजी. समीर शर्मा कार्यपालन अभियंता, लोक स्वा यांत्रिकी संभाग राजनांदगाँव, इंजी. बी. एन. बंजारे कार्यपालन अभियंता, लो. स्वा. यांत्रिकी (वि./यां) राजनांदगाँव, इंजी. यू. के. रामटेके कार्यपालन अभियंता, नगर पालिक निगम राजनांदगाँव, इंजी. ईश्वर दोनोडे कार्यपालन अभियंता, प्र.म.ग्रा.स.यो. ई. क्रं.1 राजनांदगाँव, इंजी. आर. आर. खरे कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं प्र.म.ग्रा.स.यो. ई. क्रं.2 राजनांदगाँव, इंजी. श्रीमती विजयलक्ष्मी बर्मन कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण विकास संभाग, मु.म.ग्रा.स.यो. राजनांदगाँव, इंजी. शिवम सोनी कार्यपालन अभियंता हाऊसिंग बोर्ड राजनांदगाँव, इंजी. इन्दूभूषण साहू कार्यपालन अभियंता, छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) सहित अभियंता परिवार उपस्थित थे।

## श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में जीवन के लिए ओजोन पर आयोजन....

**राजनांदगांव ( नादगांव टाइम्स )।** स्थानीय श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर 2024 की थीमजीवन के लिए ओजोन पर आधारित विभिन्न आयोजन किए गए। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ प्राची निमजे ने बताया की इस वर्ष की थीम जीवन के लिए ओजोन है जो ओजोन परत की रिकवरी को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन को प्रदर्शित करने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के सकारात्मक परिणाम पर केंद्रित है।

यह दिन लोगो को ओजोन परत के महत्व और पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर ओजोन क्षरण के प्रभाव से जागरूक करने के लिए है।यह ओजोन परत की रक्षा और उसे संरक्षित करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को व्यक्त करता है। विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने संबोधन में कहा कि समताप मंडल में स्थित ओजोन परत सूर्य की हानिकारक पाराबैगनी विकरण का अधिकांश भाग अवशोषित करती है। त्वचा कैंसर,मोतियाबिंद और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने के साथ साथ इकोसिस्टम और जैव विविधता को सुरक्षित करने के लिए इसका ध्यान रखना अति आवश्यक है।उन्होंने कहा



कि मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों के उत्पादन और उपयोग को काफी हद तक कम करने में सफल रहा है जिससे ओजोन परत में सुधार के संकेत मिले हैं। विश्वविद्यालय के डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी ने कहा कि ओजोन परत का संरक्षण हम सब की सांझा जवाबदारी है और इससे हम पृथ्वी की रक्षा कर रहे हैं।ओजोन परत पृथ्वी की सन स्क्रीन है और इसे मजबूत , स्वस्थ बनाने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के द्वारा गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों का समाधान किया जा सकता है। ओजोन परत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पृथ्वी पर जीवन के प्रति प्रतिबद्धता है। ओजोन परत क्षरण से बड़े नुकसान उठाने पड़ते हैं यह पौधों के जीवन चक्र को बदल कर और खाद्य श्रृंखला को प्रभावित करता है।यह वायुमंडलीय पैटर्न को भी बदल देता है। इसके बचाव के लिए ओजोन अनुकूल उत्पादों का उपयोग करना होगा।सीएफसी और अन्य हानिकारक रसायनों का उपयोग कम करना होगा।उपकरणों के रखरखाव में ध्यान देना होगा।ओजोन परत सरंक्षण पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान का पालन करना होगा।इस अवसर पर विधार्थियों ने भी ओजोन परत सरंक्षण पर अपने विचार रखे। विधार्थियों ने ओजोन परत पर केंद्रित पोस्टर बनाए जिसकी प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका अवलोकन अतिथियों ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# पितृ पक्ष के दौरान रोजाना करें इन मंत्रों का जप, प्राप्त होगा पितरों का आशीर्वाद




गरुड़ पुराण में वर्णित है कि पितरों के अप्रसन्न होने पर जातक को जीवन में नाना प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही जीवन में अकल्पनीय घटना का खतरा बना रहता है। इसके लिए ज्योतिष पितरों को प्रसन्न रखने की सलाह देते हैं। पितरों का तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

सनातन धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। यह पर्व पितरों को समर्पित है। इसमें पितरों की पूजा की जाती है। साथ ही पूर्वजों को मोक्ष दिलाने हेतु पितृ पक्ष के दौरान रोजाना तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। पितृ पक्ष का समापन सर्वपितृ अमावस्या तिथि पर होता है। गरुड़ पुराण में निहित है कि पितृ पक्ष के दौरान पितरों का तर्पण करने से तीन पीढ़ी के पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं, व्यक्ति पर पितरों की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से व्यक्ति को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। अगर आप भी अपने पितरों को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो पितृ पक्ष के दौरान अपने पूर्वजों का तर्पण अवश्य करें। साथ ही तर्पण के समय इन मंत्रों का जप करें।

**पितृ के मंत्र**

1. ? पितृ देवतायै नम:।
2. ? आगच्छन्तु में पितर एवं ग्रहन्तु जलान्जलिमज्
3. ? तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय च धीमहि तन्नो रुद्र: प्रचोदयात।
4. ? पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृो प्रचोदयात।
5. ? देवताभ्य: पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च नम: स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नम:
6. पितृ गायत्री मंत्र
? पितृगणाय विद्महे जगत धारिणी धीमहि तन्नो पितृो प्रचोदयात।
? देवताभ्य: पितृभ्यश्च महायोगिभ्य एव च। नम: स्वाहायै स्वधायै नित्यमेव नमो नम:।
? आद्य-भूताय विद्महे सर्व-सेव्याय धीमहि। शिव-शक्ति-स्वरूपेण पितृ-देव प्रचोदयात।
7. गोत्रे अस्मतपिता (पितरों का नाम ) शर्मा वसुरूपत् तृप्यतमिदं तिलोदकम
गंगा जलं वा तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:।
8. गोत्रे अस्मन्माता (माता का नाम) देवी वसुरूपास्त् तृप्यतमिदं तिलोदकम
गंगा जल वा तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:.
9. गोत्रे अस्मत्पितामह (दादा का नाम) वसुरूपत तृप्यतमिदं तिलोदकम
गंगा जलं वा तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:
10. गोत्रे अस्मत्पितामह (दादी का नाम) वसुरूपत तृप्यतमिदं तिलोदकम
गंगा जलं वा तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:, तस्मै स्वधा नम:
11. ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम् । उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात् ॥

**पितृ स्तोत्र**

अर्चितानाममूर्तानां पितृणां दीप्ततेजसाम् ।
नमस्यामि सदा तेषां ध्यानिनां दिव्यचक्षुषाम्।।
इन्द्रादीनां च नेतारो दक्षमारीचयोस्तथा ।
सप्तर्षीणां तथान्येषां तान् नमस्यामि कामदान् ।।
मन्वादीनां च नेतार: सूर्याचन्दमसोस्तथा ।
तान् नमस्यामहं सर्वान् पितृनप्युदधावपि ।।



नक्षत्राणां ग्रहाणां च वाय्वग्न्योर्नभसस्तथा ।
द्यावापृथिवोव्योश्च तथा नमस्यामि कृताञ्जलि: ।।
देवर्षीणां जनितृंश्च सर्वलोकनमस्कृतान् ।
अक्षय्यस्य सदा दातृन् नमस्येहं कृताञ्जलि: ।।
प्रजापते: कश्पाय सोमाय वरुणाय च ।
योगेश्वरेभ्यश्च सदा नमस्यामि कृताञ्जलि: ।।
नमो गणेभ्य: सप्तभ्यस्तथा लोकेषु सप्तसु ।
स्वयम्भुवे नमस्यामि ब्रह्मणे योगचक्षुषे ।।
सोमाधारान् पितृगणान् योगमूर्तिधरांस्तथा ।
नमस्यामि तथा सोमं पितरं जगतामहम् ।।
अग्रिरूपांस्तथैवान्यान् नमस्यामि पितृनहम् ।
अग्रीषोममयं विश्वं यत एतदशेषत: ।।
ये तु तेजसि ये चैते सोमसूर्याग्रिमूर्तय:।
जगत्स्वरूपिणश्चैव तथा ब्रह्मस्वरूपिण: ।।
तेभ्योखिलेभ्यो योगिभ्य: पितृभ्यो यतामनस:।नमो नमो नमस्तेस्तु प्रसीदन्तु स्वधाभुज ।।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# सुमति मंडल पौराणिक प्रसंग में त्रिपुरासुर वध की झांकी प्रस्तुत कर रहा



**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** सुमति मंडल कामठी लाइन अपने स्थापना के 102 वें वर्ष में *त्रिपुरासुर वध*की भव्य विसर्जन झांकी आम जनता के दर्शनार्थ प्रस्तुत करने जा रहा है । प्रारंभ से ही सुमति मंडल की विसर्जन झांकीयां पौराणिक कथाओं पर आधारित रही है । इस वर्ष वरिष्ठ सदस्यो के नेतृत्व में युवा टीम की सक्रियता से श्री गणेश जी की स्थापना बड़ी धूमधाम से की गई । स्थापना के दूसरे दिन से ही प्रतिदिन रात्रि आरती के पश्चात गर्मागर्म स्वादिष्ट प्रसादी आम श्रद्धालु भक्तो को प्रदान की जा रही है । विसर्जन झांकी की कथा इस प्रकार है : भगवान शिव ने अपने एक ही बाण से तीनो घूमती हुई पुरियो ( नगर ) को जलाकर भस्म कर दिया था। असुर बालि की कृपा प्राप्त त्रिपुरासुर भयंकर असुर बन गया था। महाभारत के कर्ण पर्व में त्रिपुरासुर के वध की कथा बड़े विस्तार से मिलती है। भगवान कार्तिकेय द्वारा तारकासुर का वध करने के बाद उसके तीनों पुत्रों ने देवताओं से बदला लेने का प्रण कर लिया। तीनों पुत्र तपस्या करने के लिए जंगल में चले गए और हजारों वर्ष तक अत्यंत दुष्कर तप करके ब्रह्माजी को प्रसन्न किया। तीनों ने ब्रह्माजी से अमरता का वरदान मांगा। ब्रह्माजी ने उन्हें मना कर दिया और कहने लगे कि कोई ऐसी शर्त रख लो, जो अत्यंत कठिन हो। उस शर्त के पूरा होने पर ही तुम्हारी मृत्यु हो। तीनों ने खूब विचार कर, ब्रह्माजी से वरदान मांगा- हे प्रभु! आप हमारे लिए तीन पुरियों ( नगरों ) का निर्माण कर दें और वे तीनों पुरियां जब अभिजित् नक्षत्र में एक पंक्ति में खड़ी हों और कोई क्रोध के बिना अत्यंत शांत अवस्था में असंभव रथ और असंभव बाण का सहारा लेकर हमें मारना चाहे, तब हमारी मृत्यु हो। ब्रह्माजी ने कहा- तथास्तु! शर्त के अनुसार उन्हें तीन पुरियां (नगर) प्रदान की



गईं। तारकाक्ष के लिए स्वर्णपुरी, कमलाक्ष के लिए रजतपुरी और विद्युन्माली के लिए लौहपुरी का निर्माण विश्वकर्मा ने कर दिया। इन तीनों असुरों को ही त्रिपुरासुर कहा जाता था। इन तीनों भाइयों ने इन पुरियों में रहते हुए सातों लोको को आतंकित कर दिया। वे जहां भी जाते समस्त सत्पुरुषों को सताते रहते। यहां तक कि उन्होंने देवताओं को भी, उनके लोकों से बाहर निकाल दिया। सभी देवताओं ने मिलकर के अपना सारा बल लगाया, लेकिन त्रिपुरासुर का प्रतिकार नहीं कर सके और अंत में सभी देवताओं को तीनों से छुप-छुपकर रहना पड़ा। अंत में सभी को शिव की शरण में जाना पड़ा। भगवान् शंकर ने कहा- सब मिलकर के प्रयास क्यों नहीं करते? देवताओं ने कहा- यह हम करके देख चुके हैं। तब शिव ने कहा- मैं अपना आधा बल तुम्हें देता हूं और तुम फिर प्रयास करके देखो, लेकिन सम्पूर्ण देवता सदाशिव के आधे बल को सम्हालने में असमर्थ रहे। तब शिव ने स्वयं त्रिपुरासुर का संहार करने का संकल्प लिया।

**त्रिपुरासुर का वध :** सभी देवताओं ने शिव को अपना-अपना आधा बल समर्पित कर दिया। अब उनके लिए रथ और धनुष बाण की तैयारी होने लगी जिससे रणस्थल पर पहुंचकर तीनों असुरों का संहार किया जा सके। इस असंभव रथ का पुराणों में विस्तार से वर्णन मिलता है।

पृथ्वी को ही भगवान् ने रथ बनाया, सूर्य और चन्द्रमा पहिए बन गए, सृष्टा सारथी बने, विष्णु बाण, मेरूपर्वत धनुष और वासुकी बने उस धनुष की डोर। इस प्रकार असंभव रथ तैयार हुआ और संहार की सारी लीला रची गई। जिस समय भगवान् उस रथ पर सवार हुए, तब सकल देवताओं के द्वारा सम्हाला हुआ वह रथ भी डगमगाने लगा। तभी विष्णु भगवान् वृषभ बनकर उस रथ में जा जुड़े। उन घोड़ों और वृषभ की पीठ पर सवार होकर महादेव ने उस असुर नगर को देखा और पाशुपत अस्त्र का संधान कर, तीनों पुरों को एकत्र होने का संकल्प करने लगे। उस अमोघ बाण में विष्णु, वायु, अग्नि और यम चारों ही समाहित थे। अभिजित् नक्षत्र में, उन तीनों पुरियों के एकत्रित होते ही भगवान शंकर ने अपने बाण से पुरियों को जलाकर भस्म कर दिया और तब से ही भगवान शंकर त्रिपुरांतक बन गए। त्रिपुरासुर को जलाकर भस्म करने के बाद भोले रुद्र का हृदय द्रवित हो उठा और उनकी आंख से आंसू टपक गए। आंसू जहां गिरे वहां 'रुद्राक्ष' का वृक्ष उग आया। 'रुद्र' का अर्थ शिव और 'अक्ष' का आंख अथवा आत्मा है। इसी युद्ध



के समय राक्षसों के भक्षण के लिए श्री गणेश जी ने पंचमुखी स्वरूप में अवतार लिया था , झांकी में श्री गणेश जी की पंचमुखी प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र होगी । झांकी दो जीप में भव्य स्वरूप में प्रस्तुत की गई है । आकर्षक अनेक विशाल मूर्तियां मूविंग करती हुई प्रदर्शित होगी । जो दर्शनार्थियों के मन को मोह लेगी ।

# राजनांदगांव की पहचान गणेश उत्सव

## आकर्षक गणेश प्रतिमाएं एवं धार्मिक प्रकरणों से युक्त स्थल झांकियों ने जनता का मन मोहा

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव की पहचान गणेश उत्सव विगत 10 दिनों से सनातन धर्म एवं उसकी संस्कृति के अनुरूप ही रहें हैं। हर जगह आकर्षक गणेश प्रतिमाएं एवं धार्मिक प्रकरणों से युक्त स्थल झांकियों ने जनता का मन मोह लिया है। कहीं भी प्रतिमाओं में विकृति एवं फूहड़ नृत्य एवं गीत की बात देखने एवं सुनने नहीं मिली है । विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल शहर की समस्त समितियों का आभार व्यक्त करता है कि उन्होंने पूरे ही शिद्दत से महान सनातनी परंपराओं एवं संस्कृति का झंडा बुलंद किया है। विश्व हिंदू परिषद - बजरंग दल शहर की समस्त गणेशउत्सव समितियों से अनुरोध करता है की इसी तरह आज निकलने वाली विसर्जन झांकियों में इस बात का विषेश ध्यान रखें की फुहड ,अश्लील एवं भौंडे फिल्मी गीत अपने जुलूस में बिल्कुल भी ना बजाएं ताकि हमारे युवा हमारी धार्मिक परंपराओं को नजर अंदाज कर इन पर झूमने लगे, यह कुछ व्यक्ति या संस्थाओं की जिम्मेदारी न होकर हम सभी सनातनियों को सोचना है कि हम अपने ही धर्म का मजाक बना रहे हैं । विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सभी विसर्जन झांकियां एवं जुलूस का निरीक्षण रात भर करते रहेगी



अगर किसी जुलूस में बहुसंख्यक हिंदू वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया गया तो आवश्यक सबूत जुटाकर संविधान में दिए गए प्रावधानों के तहत कानूनी कार्यवाही करने का काम भी विश्व हिंदू परिषद करेगा । विश्व हिंदू परिषद सभी समितियों से यह भी अनुरोध करता है कि गणेशजी की प्रतिमाओं को पितृपक्ष में हरगिज़ भी विसर्जित ना करें यह हमारी धार्मिक परंपराओं के विपरीत है। सिमीत आवाज में डीजे बजाने का जो आदेश माननीय अदालत ने दिया है इसका कड़ाई से पालन सरकार , प्रशासन को करना पड़ रहा है और यह कुछ हद तक सही भी है कि एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में , प्रतिद्वंद्वीता में अब बड़े-बड़े डीजे कानफोडूं आवाजों में बजने लग गए थे। विश्व हिंदू परिषद राजनांदगांव के अध्यक्ष योगेश बागड़ी ने शहर की धर्म प्रेमी जनता एवं समितियों को निवेदन किया है कि प्रशासन द्वारा तय किए मापदंडों एवं तय किए गए मार्ग एवं क्रम का पालन करते हुए आज की इस ऐतिहासिक परंपरा का निर्वाह सफलतापूर्वक करें । सरकार एवं प्रशासन हम सबके हित में ही इसे करने जा रहा है ।

# कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने विशाल एवं आकर्षक गणेश विसर्जन झांकी निमार्ण स्थल में तैयार हो रही झांकी को देखा



**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** जिले के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा,टीआई श्री एमन साहू ने कल रात्रि तिरंगा मंडल कमल टाकीज चौक द्वारा बनाई जा रही विशाल एवं आकर्षक गणेश विसर्जन झांकी निमार्ण स्थल में तैयार हो रही झांकी को देखा और समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की इस अवसर पर झांकी के मार्ग दर्शक और परिकलपनाकार गणेश प्रसाद शर्मा, गन्नू, पंकज गुप्ता, जितेश सिमनकर,ज्ञानी मेश्राम, राजेश बाघमारे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित सभी ने झांकी की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## भारतीय मजदूर संघ का कल रैली व सम्मेलन

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** राष्ट्रीय श्रम दिवस भगवान विश्वकर्मा के जयंती के अवसर पर हर वर्ष की भांति जिला भारतीय मजदूर संघ ने इस वर्ष भी विविध आयोजन किये है। इन आयोजनों को सफल बनाने के लिये पिछले कई दिनों से भामसं कार्यकर्ता बैठके कर रहे थे, जिसके तहत कल 17 सितम्बर को संगठन की एक विशाल रैली निकाली जायेगी तथा इसके पूर्व विराट श्रमिक सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा।



भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने एक बयान में बताया कि भगवान विश्वकर्मा जयंती समारोह व श्रमिक सम्मेलन सुबह 11.00 बजे गॉधी सभागृह म्यूनिस्पल स्कूल में प्रारंभ होगा, जिसमें छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय व वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। समारोह में राष्ट्रीय श्रम दिवस के आयोजन के पीछे संगठन के सैद्धांतिक विचारों को बताया जायेगा, इसके बाद दोपहर 01.00 बजे मजदूरों की विशाल रैली निकाली जायेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये महावीर चौक में समाप्त होगी। रैली के समापन के पूर्व महावीर चौक में ही समापन सभा का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन व रैली में भामसं से संबद्ध श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## जन्मोत्सव कार्यक्रम मे शामिल हुए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू

**खुज्जी (नादगांव टाइम्स)।** भोलाराम साहू विधायक, विधानसभा क्षेत्र खुज्जी ने ग्राम आमगांव (कुमर्दा) में अगनू राम साहू के पुत्र-वधु के प्रथम कन्या प्राप्ति के जन्मोत्सव कार्यक्रम में पहुंच कर नवजात शिशु को आशीर्वाद व माता-पिता एवं पूरे साहू परिवार बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किए। इस शुभ अवसर पर नरेश शुक्ला, लक्ष्मी नारायण साहू, शरद चंद्राकर, गिरधारी लाल साहू, संतोष साहू व पूरे साहू परिवार उपस्थित रहे।



# तिरंगा मंडल में सृष्टि के रचनाकार त्रिदेव त्रिशक्ति परिवार

**राजनांदगाँव (नादगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी की ऐतिहासिक विसर्जन झांकियों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली तथा अपने देशभक्ति छत्तीसगढ़ी संस्कृति, पौराणिक, धार्मिक विषयों पर उद्देश्य पूर्ण कथानक के साथ मनोरम झांकी प्रस्तूत करने वाली विसर्जन झांकी श्री तिरंगा गणेश मंडल जो कि पूर्ण रूप से स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार की जाती है तथा जनसामान्य को झांकी के विषय कथानक के लिए उत्सुकता के साथ-साथ प्रतिवर्ष सर्वाधिक लोकप्रियता के शिखर पर रहती है। तिरंगा मंडल के संरक्षक सागर चितलांग्या झांकी निर्देशक आशिर्वादक श्री गणेश प्रसाद शर्मा, गन्नू सर अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष श्री तिरंगा मंडल द्वारा प्राचीन धार्मिक विषय पर विशाल, झांकी तीन जीपो के साइज की प्रस्तुत की जा रही है । झांकी सृष्टि की रचना करने वाले त्रिदेवों श्री ब्रम्हा, श्री विष्णु, श्री महेश पर आधारित है । जिसमें श्री शिव श्री ब्रम्हा, श्री विष्णु जी व माता पार्वती पाताल भैरवी माता,सरस्वती माता, माता लक्ष्मी, के साथ-साथ उनके परिवार श्री गणेश, श्री कार्तिकेय, श्री नारद, श्री गरूड़, श्री नंदी श्री हनुमान जी भी विराजित रहेंगे । इस के अलावा ब्रम्हा विष्णु महेश के बाल स्वरूप भी रहेंगे । 20 फीट का आकर्षण झांकी व विशाल प्लेटफार्म लाईटो से सुसज्जित रहेंगे ।सभी मूर्तियों में आकर्षक मूविंग रहेंगी । झांकी के निर्माण में, मूर्तिकार, राजा राजपूत, देवा रंगारी, मंच सज्जा विक्की पेंटर, अर्जुन यादव, जिया, शंकर, किसुन रजक, पवन मूविंग, श्याम दुर्ग, कैलाश साहू, लाईट आदित्य डेकोरेशन, कमलेश अवचट हमालपारा, के साथ ही समिति, के जितेश सिमनकर, ज्ञानी मेश्राम, दिनेश खापर्डे, रजत भोईर, राजेश बाघमारे, संपत गुप्ता, नीलम मेश्राम, राजेश भोइर,अखिलेश ठावरे, संघप्रिय वासनिक, राहुल गौतम, युगल किशोर शर्मा,किशन रजक आदि का सहयोग रहा है । तिरंगा मंडल के सभी सदस्यों ने संस्कारधानी वासियों से झांकी में पूर्व की तरह स्नेह, अशाीष देकर सभी से झांकी के अवलोकन हेतु झांकी में शामिल होने का आग्रह किया है ।



## कांग्रेसियों ने मुस्लिम समाज को दी बधाई देकर स्वागत किया

**डोंगरगांव (नादगांव टाइम्स)।** ईद मिलादुनब्बी के अवसर पर शहर में मुस्लिम समाज द्वारा जुलूस निकाली गई जिसका स्थानीय पुराना बस स्टैंड में कांग्रेसियों द्वारा स्वागत किया गया और समाज के लोगो को बधाई भी दी गई विधायक दलेश्वर साहू के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जुलूस में उपस्थित लोगो को शीतल पेय वितरण किया गया समाज के लोगो को बधाई देने मुख्य रूप से ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू,टिकेश साहू,वरिष्ट कांग्रेसीविरेंद्रबोरकर,अखिलेश नखत,संध्या साहू,वैशाली बोरकर,संजय मुटकुरे,महेंद्र वैष्णव,सद्दाम खत्री,श्यामसुंदर ,जमुना साहू,प्रियंक जैन,शेरू खान,प्रदीप रत्नाकर,वसीम खान,पुष्पेंद्र नेताम, अजय मंडलोई,मोहनीश साहू,देवेंद्र साहू,सोमन साहू,अमित ठाकुर,अब्दुल करीम,वैभव बोरकर,शशांक खोबरागढ़े,इदरीश सोलंकी,रफीक खान,रवि शुक्ला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



# बाल रत्न मंच गणेश उत्सव के विशाल रक्तदान शिविर में 68 यूनिट रक्तदान हुआ

## मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफना ने किया रक्तदान, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** बाल रत्न मंच गणेश उत्सव आयोजन समिति के संयोजक संदेश जैन , प्रशांत अग्रवाल रवि शर्मा ने बताया कि, मेरी संस्कृति मेरा आधार सेवा ही उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए जिए और जीने दे भारतीय संस्कृति का आधार स्तंभ है 31 वे वर्ष के आयोजन बाल रत्न मंच गणेश उत्सव पंडाल में पहली बार संस्था के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय श्री सत्यनारायण जी अग्रवाल की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर भाद्रपद शुक्ल एकादशी दिनांक 14 सितंबर 2024 दिन शनिवार समय प्रात: 11:00 से संध्या 5:00 बजे तक गणेश उत्सव पंडाल रामाधीन मार्ग राजनंदगांव में 68 यूनिट रक्तदान हुआ शिविर में नवयुवक युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई जिए और जीने दे को सिद्ध किया परोपकार भारतीय संस्कृति का मुख्य अंग है मुख्य अतिथि माननीय श्री राजेंद्र बाफ्ना अध्यक्ष उदयाचल संस्था राजनादगांव विशिष्ट अतिथि माननीय श्री संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा राजनांदगांव द्वारा गणपति पूजन एवं संस्था के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय श्री सत्यनारायण अग्रवाल जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए रक्तदान शिविर प्रारंभ हुआ संस्था की ओर से सम्मानित अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं अंग वस्त्र दुपट्टा पहनाकर व श्रीफल भेंट किया गया प्रथम रक्तदान करने वाले नवयुवक भाई साहब को सम्मानित अतिथियों द्वारा तिलक लगाकर दुपट्टा एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया आयोजन के मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफ्ना द्वारा रक्तदान किया गया । मुख्य अतिथि राजेंद्र बाफ्ना ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपकी संस्था गौ सेवा रथ दो रोटी शहर ही नहीं पूरे प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान रखती है आपकी संस्था अनेक वर्षों से सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय है आपकी सेवा का भाव अटूट है विशिष्ट अतिथि माननीय संतोष अग्रवाल ने अपने उद्बोधन ने कहा की मानव सेवा माधव सेवा है और कहा कि सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं बाल रत्न मंच सेवा समिति के सेवा कार्य नित्य निरंतर प्रगतिशील एवं प्रेरणादाई है रक्तदान शिविर के सहयोगी फणेद्र जैन,नागेश यदु रक्तवीर जिला रक्तवीर संघ प्रमुख ने अपनी सेवाएं दी ।बाल रत्न मंच गणेश उत्सव सेवा समिति के सभी सदस्यों ने अपनी सेवाएं जानकारी आयोजन समिति के प्रचार प्रमुख आयुष शर्मा हर्ष अग्रवाल ने दी ।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com